तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 6 सितंबर 2024

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



14 करूभात की जरूरत ने बाजार में बढ़ाया ...





14 शिक्षक किताबी ज्ञान के साथ जीवन जीने की ...




## पर्व : गणेश चतुर्थी 7 सितंबर को, ब्रम्हा व इंद्र योग का बनेगा संयोग

# आ रहे हैं लंबोदर, एक दिन बाद विराजेंगे विघ्नहर्ता

# छह हजार से ज्यादा पंडालों और घरों पर देंगे दर्शन

हरिभूमि न्यूज हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

■ शहर में तैयार हो रहे हैं गणेश जी की अनेक रूप में प्रतिमाएं

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान गणपति के आगमन की तैयारी अंतिम चरण में है। बाजारों में कई जगहों पर प्रतिमाएं बिकने के लिए पहुँच भी चुकी है। दावा किया जा रहा है कि जिले में सभी जगहों को मिलाकर करीब 6 हजार प्रतिमाएं स्थापित होंगी। कल 7 सितंबर को विधि-विधान के साथ भगवान गणेश की प्रतिमाएं विराजेंगी। स्थानीय और बाह से आएं मूर्तिकारों ने गजकर्णक की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में डटे हुए है।

भाद्रपाद महीने में गणेश चतुर्थी का उत्सव बड़े ही धूमधाम से देखने को मिलता है। भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में गणेश चतुर्थी मनाई जाती है। कांकेर शहर में कई मूर्तिकार मूर्ति बनाकर बेचने में लगे हुए है, वहीं कई दुकानदार दूसरे शहर से लाकर छोटी मूर्ति बेचने के लिए दुकानें सजाकर रखे हुए है। कांकेर शहर में मांझापारा में बने सामाजिक भवनों व उसके आसपास कई मूर्तिकार गणेश प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में डटे हुए है। शहर में सजी दुकानों और मूर्तिकारों से हरिभूमि ने बातचीत किया तो उनका कहना था कि जिले में कम से कम 6 हजार छोटी व बड़ी मूर्ति स्थापित होंगी। एक मूर्तिकार ने दावा किया कि केवल कांकेर शहर में लगभग 2000 प्रतिमाएं घरों व पंडालों में सजती है। कांकेर के अलावा 6 विकासखंड मुख्यालयों व गाँव गाँव में गणेश प्रतिमाओं को लोग सार्वजनिक व घरों में स्थापित करने लगे है। इससे यह स्पष्ट है कि जिलेभर में बड़ी व छोटी करीब 6 हजार से ज्यादा गणेश प्रतिमाओं को स्थापित किया जाएगा। इस उत्सव को 10 दिनों तक मनाया जाता है और 11 वें दिन अगले बरस तू जल्दी आ के भाव के साथ विदाई दी जाती है।





### ढेकुना के चेतन बाईस साल से बना रहे मूर्ति

कांकेर जिले के ढेकुना निवासी मूर्तिकार चेतन साहू ने बताया कि पहले छोटी मूर्ति बनाते थे और उसके बाद बड़ी मूर्ति बनाने लगा। बीस से बाईस साल से मूर्ति बनाने का काम करते आ रहा हूँ। गणेश प्रतिमाओं को रूप देने के लिए इस समय एक अलग तरह की उर्जा आ जाती है। इस काम में पूरा परिवार लगा रहता है। इस बार बड़ी 28 और छोटी करीब 200 प्रतिमाएं बनाई है, छोटी बनकर तैयार है और बिकने भी लगी है, वहीं बड़ी मूर्तियों को अंतिम रूप दे रहे है। शुक्रवार 6 सितंबर की शाम से बड़ी मूर्तियों के ले जाना शुरू हो जाएगा।






### गणेश चतुर्थी पर योगों का संयोग

ज्योतिषों की मानें तो इस बार गणेश चतुर्थी पर ब्रम्हा, सर्वार्थ सिद्धि योग, इंद्र योग के साथ चित्रा एवं स्वाती नक्षत्र का भी निर्माण हो रहा है। मान्यताओं के अनुसार भगवान गणेश का जन्म मध्यान्ह काल के दौरान हुआ था, इसलिए मध्यान्ह के समय को गणेश पूजा के लिए अति उत्तम माना जाता है। दृक पचांग के अनुसार 7 सितंबर को मध्यान्ह गणेश पूजा मुहुर्त 11 बजकर 3 मिनट से 1 बजकर 34 मिनट तक रहेगा।

### भद्रावास का शुभ संयोग

ज्योतिषों की मानें भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि 7 सितंबर की सुबह 4 बजकर 20 मिनट पर भद्रावास योग का निर्माण हो रहा है, जो संध्याकाल 5 बजकर 7 मिनट पर समाप्त होगा। इस काल में भद्रा पताला लोक में रहेगी। सनातन शास्त्रों के अनुसार भद्रा के पताल में रहने के दौरान पृथ्वी पर सभी जीवों का कल्याण हहोता है। इस शुभ योग में भगवान गणेश की पूजा करने से जीवन में व्याप्त दुख एवं कष्ट दूर होते है।

# आसमा में छाए रहे बादल जिले में डेढ़ दिन खंड वर्षा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

■ किसान बारशि के इंतजार में, अभी भी हैं चिंतित

जिले में इन दिनों बारिश का असर कम हो गया है। आसमा में बादल छाए रहने के बाद भी बारिश नहीं हो रही है। दो दिनों मे जो भी बारिश हुई, वह खंड वर्षा जैसी रही। कई ईलाके में बारिश न के बराबर रहीं, जिससे इस क्षेत्र के किसान अभी भी चिंतित बने हुए है। मौसम विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एक निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम विदर्भ और उसके आसपास स्थित है तथा इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रिय चक्रवात परिसंचरनण 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर जैसलमेर, उदयपुर, निम्न दाब का केन्द्र उसके बाद दक्षिण-पूर्व की ओर पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक विंड शियर जोन 20 डिग्री उत्तर में 31 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक उपरी हवा का चक्रीय ▸▸| शेष पेज 12 पर

### अंतागढ़ में सबसे कम व सरोना में सबसे ज्यादा

दो दिनों की बारिश पर नजर डाली जाएं तो अंतागढ़ में सबसे कम 1.4 मिमी, कांकेर में 19.8 मिमी, भानुप्रतापपुर में 25.6 मिमी, दुर्गुकोंदल में 21.1 मिमी, चारामा में 4.4 मिमी, पखांजुर में 13.8 मिमी, नरहरपुर में 7.6 मिमी और सरोना में सबसे ज्यादा 29.1 मिमी बारिश हुई है। बारिया के आंकड़े बता रहे है कि कहीं पर ज्यादा व कहीं पर बहुत कम बारिश हुई है। बारिश जिस ईलाके में कम हुई है, उस ईलाके के किसान बेहद चिंतित नजर आ रहे है।


## पाठक सूचना

कांकेर जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969



FAYDE KE 20 DIN

2nd SEP - 22nd SEP

RATHI'S BUILD MART

नींव से निर्माण तक®

BATH & SANITARY | TILES | STONES

PLYWOOD | VEENER | LAMINATE

HARDWARE | WELLNESS | WINDOWS

Limited Time.

Unlimited Fayde!

- Discounts on **all product range**
- **Get discount vouchers** for next purchase
- Upto **70% OFF** On selected products

AND MANY MORE...

KOHLER. | Nexion ITALIAN STYLE THAT INSPIRES | hansgrohe | icon WORLD OF TILE | fima CARLO FRATTINI | FlexStone® | Oyster® Bathroom beauties for the privileged | haique Quartz | Marble | Terrazo | HÄFELE | SABURI® PLYWOOD

OFFERS NOW LIVE AT:

RAIPUR Dhamtari Road, Devpuri 851 8882010 | BILASPUR Vyapar Vihar Chowk 8518882030 | JAGDALPUR Chitrakote Road 8518882020

SUNDAY OPEN

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल पुरस्कार से पवन हुए सम्मानित

**कांकेर।** शिक्षक कल्याण प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा शिक्षक दिवस अवसर पर राज्यभर के उत्कृष्ट शिक्षकों के लिए राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान का आयोजन रायपुर के राजभवन दरबार हाल में मुख्य अतिथि राज्यपाल रामेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिले से चयनित उत्कृष्ट व्याख्याता पवन कुमार सेन को अतिथियों ने राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके पहले भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने 2018 में मुख्यमंत्री शिक्षा श्रीअलंकरण पुरस्कार से सम्मानित हो चुके है। रेडक्रास सोसायटी के विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता के लिए उन्हें सन 2020 मे राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### युवक कांग्रेस ने निकाली मशाल रैली यात्रा

**कांकेर।** युवक कांग्रेस लचर कानून व्यवस्था को लेकर 04 सितंबर 2024 बुधवार को सायं 6 बजे स्थान पुराना बस स्टैंड से एसबीआई बैंक के सामने अंबेडकर चौक आमापारा तक मशाल रैली यात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश में आए दिन महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार, अनाचार व गैंगरेप जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही है और प्रदेश की भाजपा सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। कांग्रेसियों का कहना है कि लचर कानून व्यवस्था से महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है 1 इस अवसर पर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर, शहर अध्यक्ष मनोज जैन, युवा कांग्रेस कांकेर अध्यक्ष खोमेन्द्र उइके, सरजू शोरी, सुरेश नाग, आयुषी मिश्रा, समस्त कांग्रेसी पार्षद आदि उपस्थित रहे।

### जन शिक्षण संस्थान में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस

**कांकेर।** कांकेर के जन शिक्षण संस्थान में 5 सितंबर को सोल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के डायरेक्टर राजकुमार टंडन ने कहा कि हमारे जीवन के हर एक मोड़ पर एक गुरू मिलता है, सबसे पहली गुरू मां होती है और जिससे हम कुछ सीखते हैं वह एक गुरू के रूप में ही होता है। संस्था के एपीओ अशोक पटेल ने कहा कि एक शिक्षक का हमारे जीवन में बहुत महत्व है, जिससे हमें एक सही दिशा मिलती है। संस्था के कम्प्यूटर आपरेटर जय साहू ने कहा कि गुरु के बीना जीवन अधूरा होता है, अगर हमारे जीवन में कोई गुरू न हो तो हम मार्ग भटक सकते है। हमारे जीवन में गुरू का बहुत महत्व है। कार्यक्रम में संस्था के पीओ सिद्धार्थ तिवारी, फिल्ड आफिसर संजय ठाकुर, आफिस असिस्टेंट ड्रायवर अजय पटेल, प्रशिक्षिका नीलमणी सहित संस्था में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थीगण उपस्थित रहें।

### सिंगल आदेश में 4 शिक्षकों का तबादला

**जगदलपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव आरपी वर्मा ने प्रतिनियुक्ति से वापस लेते हुए अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक 4 शिक्षकों का पदस्थापना आदेश जारी किया है।

पेज 11 के शेष...

### आसमा में छाए...

चक्रवाती परिसंचरण तटीय आंध्रप्रदेश और यमन तथा उसके आसपास 3.1. किलोमीटर से 58 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है, जिसके कारण मौसम में दो दिनों से बदलाव देखने को मिल रहा है। प्रदेश के उत्तरी एवं दक्षिण इलाकों में पिछले कुछ दिनों से बेहतर बारिश देखने को मिली है, लेकिन कांकेर में मानसून बेअसर नजर आ रहा है। ऐसे में उम्मीद थी कि सितंबर के शुरूआती दिनों में मानसून सक्रिय हो सकता है, परन्तु ऐसा देखने को नहीं मिला, वहीं अब भी बेहतर बारिश के लिए इंतजार करना पड़ सकता है। जिले में दो दिनों में खंड वर्षा हो रही है, कई ईलाके में बारिश न के बराबर है।

# युवा शक्ति संस्था दाह संस्कार के लिए निःशुल्क लकड़ी एवं कंडे करा रहा उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

दस वर्षो से निरंतर सेवा कार्य वाली युवा शक्ति समाज सेवी संस्था निर्धन परिवारों के लिए सहारा के रूप में अब आगे कदम बढ़ा रही है, जिसमें मुक्तिधाम में दाह संस्कार के लिए निर्धन परिवारों के लिए गाय गोबर कंडे एवं लकड़ी एकत्र कर सेवा कार्यों को मूर्त रूप देने में लगी है।

संस्था के अध्यक्ष उत्तम साहू और संरक्षक धर्मेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि यह विचार तब आया जब एक समय एक निर्धन परिवार के घर एक नौजवान की मृत्यु हो जाती है और उनकी स्तिथि इतनी दयनीय थी कि उनके पास लकड़ी कंडे लेने के लिए भी रुपए के लाले पड़े थे इस स्तिथि में वार्डो से लकड़ी कंडे मांगकर उनकी अंत्येष्ठि की गई उसी दिन से युवाशक्ति के युवाओं ने मन में एक संकल्प लिया कि जैसे भी व्यवस्था बनानी पड़े बनाएंगे और निर्धन परिवारों के अंत्येष्ठि के लिए लोगो को निःशुल्क लकड़ी कंडे उपलब्ध कराएंगे और इसी दिशा में संस्था से जुड़े लोग विभिन्न सेवा कार्यों को नगर में संचालित कर रहे है। समय समय पर सूखे लकड़ी को कटवा कर दाह संस्कार के उपयोग में ला रहे है।

वही कंडे को खरीद कर मुक्तिधाम में डाला जा रहा है, जिसमे संस्था से जुड़े लोग भी आर्थिक रूप से मदद कर इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता निभा रहे है ।

**सेवा कार्य को मूर्त रूप देने में है सक्रिय**



**लोगों से जुड़ने की अपील**

संस्था द्वारा यह पहल भी की गई है कि जो भी सक्षम परिवार है वह भी इस लकड़ी कंडे का उपयोग कर सकते है और लगे हुए फ्लेक्स में बार कोड में अपनी इच्छा से राशि डाल सकते है, ताकि उन्ही पैसे से पुनः कंडे लकड़ी की व्यवस्था बनाई जा सके, जिससे दुख के समय कोई भी परिवार को लकड़ी कंडे के लिए किसी के सामने हाथ जोड़ना न पड़े। इस पुनीत कार्य में सबको जुड़ने का अपील किया, ताकि ऐसे छोटे छोटे सेवा कार्यों से हम सब जुड़कर लोगो के सुख दुख के सहभागी बन सके। नगर के जिन भी दानदाताओं के पास लड़की एवं कंडा उपल्ब्ध है वह मुक्तिधाम तक पहुंचा दे या संस्था को सूचित करे ताकि दिन दुखियों को सहारा मिलता रहेगा।

## अभियान : पीएम की मंशा के अनुरूप कार्य को देंगे अंजाम : कलेक्टर

# स्वच्छता सिर्फ अभियान तक ही सीमित न रहे, इसे व्यवहार में लाना जरूरी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता ही सेवा का आयोजन 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर के बीच किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार पूर्व वर्षों की भांति इस साल भी व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' थीम पर अलग-अलग कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

जिले में स्वच्छता अभियान की तैयारियों को लेकर कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर अभियान के सफल संचालन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। स्वच्छता मिशन सिर्फ अभियान तक ही सीमित न रहे, अपितु वास्तविक व्यवहार एवं संस्कार में स्वच्छता परिलक्षित होनी चाहिए।

आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छता अभियान की सफलता शासन-प्रशासन के साथ-साथ आम



नागरिकों के आचार व्यवहार में सम्मिलित होने से ही संभव है। सभी वर्गों के सामूहिक एवं समन्वित प्रयासों से ही संभव है। सफाई अभियान के साथ-साथ पर्यावरण को प्रोत्साहित करने अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाए। एक पेड़ मां के नाम के तहत शहरो एवं गांवो की खाली जगहों पर वन विभाग के सहयोग से पौधे लगाए जाएं, जिससे की पर्यावरण संतुलन बना रहे तथा भूमि को अतिक्रमण से सुरक्षित रखा जा सके। इसके अलावा जिला एवं ब्लॉक के शासकीय कार्यालयों के परिसरों में फलदार व छायादार पौधे लगाएं। कलेक्टर ने सभी शासकीय कार्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाकर अनुपयोगी सामग्रियों का नियमानुसार अपलेखन करने व साफ-सफाई करने पर भी जोर दिया।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित अग्रवाल ने अभियान के उद्देश्य की जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत वर्ष 2017 से सतत विभिन्न थीमों पर आधारित स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी तर्ज पर इस बार के अभियान में तीन विशेष बिन्दुओं पर जोर दिया गया है, जिसमें स्वच्छता की भागीदारी, सम्पूर्ण स्वच्छता और सफाई मित्र सुरक्षा शिविर सम्मिलित हैं। उन्होंने बताया कि स्वच्छता की भागीदारी अंतर्गत नागरिकों की सहभागिता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सम्पूर्ण स्वच्छता के तहत स्वच्छता लक्षित इकाइयों पर जोर दिया जाएगा, जबकि सफाई मित्र सुरक्षा शिविरों का आयोजन करके स्वच्छता मित्र और कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण, सामाजिक सुरक्षा के लिए गतिविधियां आयोजित की जाएगी। सीईओ ने यह भी बताया कि अभियान के दौरान ब्लैक स्पॉट्स का चिन्हांकन किया जाएगा, जिसकी सफाई के लिए शासकीय विभागों के साथ-साथ स्वच्छता मित्र, स्वयंसेवी संगठनों, रेडक्रॉस, स्कॉउट गाइड, एनएसएस और वॉलिंटियर्स की मदद ली जाएगी। इसके अलावा बैठक में आए विभिन्न समितियों एवं संस्थाओं के पदाधिकारियों ने स्वच्छता अभियान को अधिक कारगर बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर स्वच्छता अभियान से संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# गुरु-शिष्य की प्राचीन परंपरा आज भी कायम : प्राचार्य साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर गुरुवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोलर में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का प्रारंभ राधाकृष्णन की चित्र पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने माल्यार्पण एवं द्वीप प्रजलित कर किया। गणेश वंदना एवं गुरु वंदना के बाद राधाकृष्णन के जीवनी पर प्राचार्य एच के साहू ने प्रकाश डाले एवं उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित हुए। उन्होंने कहा कि गुरु शिष्य का रिश्ता प्राचीनकाल से चलते रहा है और आज भी यह कायम है। उन्होंने शिक्षक दिवस की महत्ता एवं गुरु शिष्य के रिश्तों का व्याख्यान किया। उन्होंने कहा छात्रों के भविष्य को उज्जवल बनाने आगे चल के अपने लक्ष्य को प्राप्त करना ही संस्थान का उद्देश्य है। मौजूद छात्र छात्राओं ने गुरु शिष्य के परंपरा को निभाने और एक अच्छे शिक्षक की तरह छात्रों ने प्रण किया कि वो अपने आस पास रहने वाले अशिक्षित, भटके हुए छात्रों को सही राह दिखाने एवं एक अच्छे इंसान बनने की प्रेरणा देंगे। उन्होंने कहा कि वैसे तो शिक्षक दिवस सभी देशों में अलग अलग तिथि को मनाया जाता है, लेकिन भारत में पांच सितंबर डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म के अवसर पर मनाया जाता है। जो एक शिक्षक होते हुए भारत के प्रथम उप राष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति भी थे। भारत में बहुत सारे महान लोग है पर डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिन पर ही क्यों मनाया जाता है, क्योंकि वे बच्चों से बहुत प्यार करते थे।

कार्यक्रम में ललित कुमार केआर्य,राजाराम मरकाम,भीष्म देव धृतलहरे, संतोष ठाकुर,वेद प्रकाश निषाद,हेमलता नेगी,निवेदिता साव,नीरज गजेंद्र,थानु राम साहू,पूजा विश्वास,पुरोणीक साहू,चंद्रिका टीकम,रघुवीर वर्मा,खमेश्वरी नरेटी,शाला समिति अध्यक्ष, देवलाल दुग्गा, तेजसिंह बघेल,संतोष सुखदेवे समेत ग्रामीण छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# जनसमस्या निवारण शिविर में मौके पर 43 आवेदन का किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन कांकेर विकासखण्ड के ग्राम व्यास कांगेरा में किया गया, जिसमें ग्रामीणों से विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 43 का मौके पर ही निराकरण किया गया।

शिविर में विधायक आशाराम नेताम, कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर भी सम्मिलित होकर प्राप्त आवेदनों और उनके निराकरण की जानकारी ली एवं सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणजनों से प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करें। विधायक ने शिविर में देव कोठार में टीन शेड लगाने के लिए 3 लाख रूपए सहायता राशि देने की घोषणा की।

शिविर में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि शासन की पहल से गांव-गांव में शिविर का आयोजन हो रहा है, जिससे गांव में ही ग्रामीणों की सभी प्रकार के समस्याओं का निराकरण हो। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किसानों के हित में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं और उनका लाभ भी मिल रहा है। उन्होंने इस दौरान सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें और उन्हें लाभान्वित करें। कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जिले में लगातार शिविरों का आयोजन हो रहा है, ताकि ग्रामीणों की मांगों और शिकायतों पर विधि संगत और त्वरित निराकरण हो। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले के लिए 28 हजार नए आवास की स्वीकृति मिली है, जिसका लाभ जरूरतमंदों को मिलेगा। ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी समस्याओं को लेकर शिविर के अलावा जिला मुख्यालय के कार्यालयों में भी पहुंचकर अवगत कराएं, उनकी मांग एवं समस्याओं का नियमानुसार निराकरण किया जाएगा।

ग्राम व्यासकोंगेरा में आयोजित शिविर में आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा 13 हितग्राहियों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किया गया। साथ 3 हितग्राहियों को शिविर स्थल में ही राशन कार्ड बनाकर प्रदाय किया गया। इस अवसर पर मत्स्य कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भरत मटियारा, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामचरण कोर्राम, नरोत्तम पडोटी, ईश्वर कावड़े, जिला पंचायत के सीईओ सुमित अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

# कोकानपुर हाईस्कूल के छात्रों ने किया शिक्षकों का सम्मान



**कोरर।** शासकीय हाई स्कूल कोकानपुर में शिक्षक दिवस पर डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद कर शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष माखन मंडावी व विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत कोकानपुर उप सरपंच अनिल यादु रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय कि छात्रा पूजा जैन ने किया। और विद्यालय के बाल कैबिनेट अध्यक्ष कान्हा ठाकुर, उपाध्यक्ष हर्षित जैन ने सहयोग किया।

सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती और डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की छायाचित्र पर तिलक वंदन किया गया। तत्पश्चात अतिथियों और शिक्षकों का स्वागत छात्र-छात्राओं के द्वारा किया गया। मनमोहक स्वागत गीत भी विद्यालय के छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर दोगेंद्र कश्यप, अनामिका साहू , परसमणि जैन, माखन मंडावी अनिल ने कहा कि हम सभी शिक्षकों से ज्ञान लेते हैं अपितु उनका अनुसरण भी करते हैं। किन्तु शिक्षक छात्रों के रोल माडल होते है और इनके कंधों पर ही देश का भविष्य टिका होता है। प्राचार्य शेखर महलवार ने भी शिक्षक दिवस पर उद्बोधन किया और सभी छात्रों के समन्वित प्रयास से इस आयोजन को सफल बनाने के लिए बधाई दी। ताकेश धनकर ने के जीवन में शिक्षकों का महत्व बताया और एक कविता का वचन किया।

# जैसाकर्रा के शिव मंदिर में रात को व बड़ेगौरी के राजमिस्त्री के घर दिनदहाड़े चोरों का धावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा थाना में सितंबर माह के शुरूआत में ही एक ही दिन में चोरों ने

- चारामा थाना का नेटवर्क पूरी तरह से धवस्त, एक भी चोरी का नहीं मिला सुराग
- थानेदार से जनसंपर्क नहीं हो पाने के कारण थाने का हाल बदहाल

दो घटनाओं को अंजाम दे दिया, जबकि अगस्त माह में भी दो चोरी हुई थी। इससे यह स्पष्ट है कि चारामा थाने का नेटवर्क पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है, वहीं एक भी चोरी का सुराग हाथ नहीं लगा है। यह भी चर्चा है कि चारामा थानेदार वन टाईम प्रमोशन वाले है, जिसके चलते उनका जनसंपर्क न के बराबर है और परिणाम यही है कि उनकी टीम उनके साथ नहीं खड़ी है। चारामा थाना में शिकायत करने पहुँचे बड़ेगौरी के आमापारा निवासी 38 वर्षीय भुनेश्वर गावडे पिता केजउराम गावडे ने पुलिस को बताया कि मैं 3 सितंबर को प्रतिदिन की तरह मिस्त्री काम करने के लिए बासनवाही गया हुआ था। मेरी पत्नी गोदवारी बाई खेत में काम करने गई थी और मेरे दोनो बच्चे डाकेश्वर,बुलेन्द्र दोनो स्कूल गए हुए थे, घर में कोई नही था ताला लगा हुआ था। मेरा बड़ा लड़का डाकेश्वर लगभग दोपहर को डेढ़ बजे खाना खाने स्कूल से घर आया और खाना खाकर पुनः घर में ताला लगाकर स्कूल चला गया था। स्कूल छुटटी होने पर लगभग 4 बजे घर वापिस आया तो देखा की घर के समाने दरवाजा पर लगा ताला नही था। दरवाजा खुला हुआ था और घर के अंदर जाकर देखा तो अंदर के कमरे मे रखा आलमारी का ताला तोड़कर खुला हुआ था। नीचे जमीन पर और पास रखा पलंग के ऊपर आलमारी में रखा समान बिखरा पडा था। मै घर आया तो घटना की बात बताएं, आलमारी में रखा समान चेक किया तो मेरी पत्नी को शादी उपहार में मिला सोना का एक लाकेट वाला मंगलसूत्र वजन करीबन 05 ग्राम, कीमती 15,000, कान का सोना का टापस वजनी लगभग 05 ग्राम कीमती 15,000 चांदी का पैरपटी वजनी लगभग 20 ग्राम कीमती 13,000 एवं चांदी का डोरा वजनी लगभग 10 ग्राम कीमती 6,000 तथा नगद रकम 500-500 सौ रूपएं का नोट करीब 20,000 रूपएं नही था।अज्ञात चोरों ने 69 हजार के जेवरात एवं नगदी रूपएं को ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरो के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

**शिव मंदिर में दान पेटी से 10 हजार ले उड़े :-** चारामा थाना में शिकायत करने पहुँचे जैसाकर्रा निवासी नोहरू राम निषाद ने बताया कि मैं जैसाकर्रा स्थित शिव मंदिर समिति का अध्यक्ष हूँ और मेरे गांव के गेदरा तालाब में पिछले 30 वर्ष पूर्व से शिव मंदिर की स्थापना गांव वालो के द्वारा सामूहिक किया गया था। मंदिर गांव से लगे हुए गेदरा तालाब के मेड पर है। मंदिर का पुजारी चुन्नी लाल निषाद 2 सितंबर की रात को लगभग 9 बजे मंदिर मे लगे दरवाजा बंद कर घर आ गए थे और 3 सितंबर की सुबह 6 बजे पुजारी ने मंदिर खोला तो मंदिर के अंदर रखी दानपेटी गायब थी। दानपेटी में जनवरी 2024 से मंदिर के अंदर रखा हुआ था जिसमे दानदताओ द्वारा दी जाने वाली राशि दानपेटी के अंदर जमा होती थी, जिसमें लगभग 10 हजार रूपएं दानपेटी मे रहा होगा। दानपेटी को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया और दानपेटी को मंशाराम नेताम के खेत के पास में तोडफोंड कर फेक दिए थे, जिसे लाकर गांव के सामुदायिक भवन में रखे है। दानपेटी अंदर रखे पैसे लगभग 10 हजार रूपएं को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## शांति समिति की बैठक में गणेशोत्सव एवं ईद पर्व सौहार्द्रपूर्ण मनाने की अपील

# पर्वों के आयोजन में सामाजिक समरसता हेतु प्रत्येक वर्ग सहयोग करें : विधायक आशाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में दस दिवसीय गणेशोत्सव और ईद-ए-मिलादुन्नबी पर्व के आयोजन के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 5 सितंबर को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में उपस्थित कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने सभी वर्गों से पूर्व वर्षों की भांति परस्पर सामाजिक समरसता, भाईचारा और सौहार्द्र के साथ मनाने की बात कही। उन्होंने पर्वों के दौरान सभी वर्ग से आवश्यक व अपेक्षित सहयोग करने और शासन द्वारा निर्धारित नियमों व कानूनों का पालन करने की अपील की।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर ने सोशल मीडिया के माध्यम से कतिपय असामाजिक तत्वों के द्वारा अपुष्ट अफवाहें



फैलाई जाती हैं, जिनसे सभी को सतर्क एवं सजग रहना आवश्यक है। उन्होंने इस दौरान नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और न्यायालय द्वारा निर्धारित नियमों व दिशानिर्देशों का पालन करने के संबंध में समिति के पदाधिकारियों से आवश्यक सहयोग करने की अपील की। साथ ही यह भी बताया कि मूर्ति विसर्जन, शोभायात्रा, जुलूस एवं झांकी प्रदर्शन के लिए रूट चार्ट आदि हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा माइक्रो प्लानिंग की जाएगी, जिसमें इस दौरान सभी आवश्यक सुविधाओं, सुरक्षा पहलुओं, पार्किंग, रूट चार्ट आदि के संबंध में विस्तार से कार्ययोजना तैयार की जाएगी। अपर कलेक्टर एस. अहिरवार ने एनजीटी के निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन समितियों को जिला प्रशासन के सक्षम प्राधिकारी से विधिवत अनुमति लेनी होगी। यह भी बताया गया कि शोभायात्रा, जुलूस में एनजीटी द्वारा पारित निर्णयानुसार डीजे/लाउड स्पीकर यंत्रों की सीमा 10 डेसिबल ए/75 डेसिबल ए होगी। ध्वनि एवं पर्यावरण प्रदूषण रोकने रात्रि 10 बजे तक की समय-सीमा निर्धारित की गई है, का सभी आयोजन समिति पालन करें। सभी प्रकार के आयोजन की जानकारी जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के संज्ञान में लाना अनिवार्य है तथा सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बाद ही स्वागत द्वार, मंच-पंडाल का निर्माण व सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किया जाए। इसके अलावा जुलूस एवं शोभायात्रा के दौरान बजाए जाने वाले गीत-संगीत कर्णप्रिय, गरिमामय तथा भक्तिपूर्ण हो, इसका भी ध्यान रखा जाए। अपर कलेक्टर ने एनजीटी और उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के विभिन्न निर्देशों की भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने सुझाव दिए।

# हिंदू देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी, दो युवक गिरफ्तार





**भानुप्रतापपुर।** हिन्दू संत के फ़ोटो को एडिट कर सोशल मीडिया में प्रचार करने पर भानुप्रतापपुर पुलिस ने संबलपुर निवासी वशीम रजा एवं रवि भारसगड़े पिता सुदामा भरसागडे दल्ली राजहरा पर थाना भानुप्रतापपुर में अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया प्रकरण में दोनो आरोपियों को फिर से गिरफ्तार किया है। आरोपी के द्वारा सोशल मीडिया में हिन्दू धर्म के संत पर आपत्तिजनक फ़ोटो एडिट करके शेयर कर दिया गया था।

हिंदू देवी-देवताओं पर आपत्ति जनक टिप्पणी से लोगों में आक्रोश है। जिसको लेकर हिंदू समाज के लोगों ने विरोध किया था। आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया था जहाँ से उसे जमानत मिल गई। हिंदू समाज मे लगातार आक्रोश है।

केवटी में ग्रामीण सड़क पर उतर गए थे उन्होंने केवटी गांव को एक दिन के लिए बंद कर कार्यवाही करने की मांग की थी।हिंदू समाज के लोगों ने पुलिस को ज्ञापन देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को पुनः गिरफ्तार कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### बापू की कुटिया में ज्येष्ठ नागरिकों ने राधाकृष्णन को किया याद



**जगदलपुर।** ज्येष्ठ नागरिक कल्याण संघ के अध्यक्ष शशिकांत सिंह गौतम ने बताया कि गुरुवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर संघ कार्यालय बापू की कुटिया में शिक्षक दिवस मनाया गया। जिसमें धरमचन्द्र शर्मा, शिव सागर त्रिपाठी, राजेंद्र पांडेय, रतन व्यास ने शिक्षक दिवस के संबंध में विचार व्यक्त करते हुए डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सरिता तिवारी, सुंदरमणि दीक्षित, भारत लाल गुप्ता, जगत सिंह ठाकुर, कमलेश मंडन, बिम्बाधर पांडे, संजय दुबे, निर्मल कुमार सोनी, एसएन पाणिग्रही, सुभाष श्रीवास्तव, आरपी वर्मा, आरएस नागे, भुवन सिंह ठाकुर, राज कुमार कक्कड़, विमल कुमार जैन, रंजन ठाकुर, प्रेम कांत जोशी, सिकंदर सिंह ठाकुर, बीएस ठाकुर, नीलेंद्र, सतीश चंद्र ठाकुर समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक राम अवतार शर्मा तथा वनमाला दुबे का सम्मान शाल श्रीफल से किया गया। संघ के उपाध्यक्ष रवींद्र पांडेय ने आभार माना।

### नगर विकास पर बिना चर्चा किये महापौर ने तोड़ा नियम

**जगदलपुर।** नगर विकास के नाम पर महापौर ने बिना सलाहकार समिति के बैठक किये आनन फानन में एमआईसी की बैठक करवा दी। जबकि यह नियम विरूद्ध है शहर के आधा दर्जन ऐसे वार्ड है जो बारिश में जल मग्न हो गए थे, लेकिन इन वार्डो में रहने वाले रहवासियों की समस्या देखना तो दूर उनकी समस्या पर कोई



राहत देने की बात तक नही की गई। यह आरोप नगर निगम में उप नेता प्रतिपक्ष राजेश राय ने जारी बयान में लगाया। उन्होंने बताया आने वाले कुछ माह निकाय चुनाव के लिए शेष है और कांग्रेस की नगर सरकार में किये गए कार्यो पर महापौर निधि में भी बड़ा खेल किया गया था और इस मामले में अब तक कोई जांच भी नही होना ये बड़ा सवाल है। वही शहर के कई वार्डो में हो रहे जलभराव को लेकर कांग्रेस सरकार द्वारा करोडों रुपये की स्वीकृति दी गई थी। लेकिन नगर में सरकार बदलते ही उन कामो के फाइलो को रोक दिया गया और उन करोडों रुपये के कार्यो को भाजपा पार्षदों के वार्डो में दे दिया गया। राय ने कहा कांग्रेस के ऐसे कई वार्ड है जो आज भी बड़ा नाला नही होने से जनता को परेशान होना पड़ रहा है।

## निधन

### अयोध्या प्रसाद

**भानपुरी।** बस्तर ब्लॉक के सेवानिवृत्त शिक्षक अयोध्या प्रसाद पांडे निवासी केसरपाल का आकस्मिक निधन गुरूवार को दोपहर बाद हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीण सहित समाज के लोग शामिल हुए। देर शाम उनका अन्तिम संस्कार केसरपाल ग्राम में किया गया। वे रामानुज व अनिल पांडे के पिता थे।

## समाज में सबसे सम्मानजनक कोई पद है तो वह शिक्षक का

# विधायक ने किया 6 शिक्षकों को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



दरभा विकासखंड के मुख्यालय के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर सेवानिवृत 6 शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।


जिसमें भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल, मंडल अध्यक्ष फूलसिंह सेठिया, जनपद अध्यक्ष ए जानकी राव, जनपद उपाध्यक्ष अनंत कश्यप, महामंत्री पीडी हरीश, दरभा जनपद सीईओ केशरी लाल फाफा, खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश पात्र, बीआरसी समलू राम कश्यप, विद्यालय के प्राचार्य एमजी काछी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा महामंत्री पीडी हरीश ने कहा की डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन हमारे भारत के पहले उपराष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति रहे हैं, जब वह उपराष्ट्रपति बन गए तो स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने 1954 में उन्हें उनकी महान दार्शनिक व शैक्षणिक उपलब्धियो के लिए देश का सर्वोच्च अलंकरण भारत रत्न प्रदान किया और अंत में आप सभी शिक्षकों को मेरी ओर से बधाई देता हूँ।

वही विधायक विनायक गोयल ने कहा कि समाज में सबसे सम्मानजनक कोई पद है तो वह शिक्षक का है,अगर आज मैं यहां खड़ा हूं तो उसके पीछे शिक्षकों का हाथ है। शिक्षक को इतनी बड़ी जवाबदारी दी गई है कि आपको बच्चों के भविष्य जीवन का निर्माण करना है, आप इसी से अंदाजा लगा ले कि समाज में सबसे बड़ी जिम्मेदारी आप शिक्षकों पर है। इस दौरान विधायक विनायक गोयल ने उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं पर पुष्प वर्षा कर उनको सम्मानित किया, वहीं जनपद सीईओ एवं बीईओ ने अपने उद्बोधन में कहां की सभी सेवानिवृत शिक्षकों ने अपने कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में सराहनी काम किया है।

भावी शिक्षकों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। सेवानिवृत शिक्षक सोमारु राम कौशिक, दामूदर बघेल, झीतरु राम नाग एवं शिक्षिका राजरानी किस्सपोटा, विजेस्वरी पोद्दार,मनाली राव शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्त्ताओं सहित विद्यालय के छात्र-छात्राओ एवं विकासखंड के सैकड़ो शिक्षको की उपस्थिति रही। इसके अलावा दरभा विकासखंड के समस्त शालाओं में शिक्षक दिवस विद्यार्थी द्वारा मनाया गया।

## हर्षोल्ल्लास के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/नकुलनार

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल हितावर तहसील कुआकोण्डा जिला दंतेवाड़ा में हर्षोल्ल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य बीके शर्मा के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की छायाचित्र पर अर्पित करके किया गया। प्राचार्य ने सभी बच्चों को बताया कि प्रति वर्ष 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है , यह दिन शिक्षको के योगदान को स्वीकार करने और उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए किया जाता है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। वे एक सच्चे शिक्षक थे जिन्होने अपने जीवन को शिक्षा और ज्ञान के लिए समर्पित किया था, शिक्षक दिवस के उपलक्ष में छात्र छात्राओं के द्वारा नृत्य व गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर को मनोरंजक बनाने के लिए बच्चों के द्वारा शिक्षक व शिक्षिकाओं के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्राचार्य बीके शर्मा के द्वारा बताया गया कि बच्चे देश के भविष्य हैं, उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में अपने गतिविधियों के माध्यम से अपने देश तथा विद्यालय का नाम रोशन करना है बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए देश को सही रूप से चलाने का संदेश दिया गया इसके साथ ही कार्यक्रम का समापन किया गया।

## डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जयंती पर माल्यार्पण कर उनका पावन स्मरण : लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड



बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा की पूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद् , भारत रत्न सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर हम सभी उनका पावन स्मरण करते हैं राधाकृष्णन जी ने शिक्षा के क्षेत्र में अपना महती योगदान दिया, उनके जन्मदिवस को हम सभी 'शिक्षक दिवस' के रूप में भी बनाते हैं, इस अवसर पर मैं समस्त गुरुजनों को प्रणाम करता हूं।

इस दौरान महिला ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंपा ठाकुर,बालक राम जोशी, तुलाराम सेठिया,लखेश्वर मंडावी,मिट्ठू राम, अर्जुन पांडे, कृपालु कश्यप, कुलधर कश्यप, बृज श्रीवास्तव,केके दुबे, वीरेंद्र कश्यप, सौरभ मंडल, जागेंद्र कुमार जीराम, उषा ठाकुर, सत्येंद्र यादव, एलन निषाद, मनीष पांडे, गोविंद सोनी एवं समस्त कार्यकर्त्तागण स्टॉफ कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भुरसुंडी में हुआ शिक्षक दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

शिक्षक दिवस के अवसर पर बस्तर विकासखंड के माध्यमिक शाला भूरसुंडी में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हर्ष उल्लास के साथ शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से सर्वप्रथम डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर विधिवत कार्यक्रम की शुरुवात की गई। इसके बाद स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा आकर्षक गीत नृत्य का कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

### प्रधान पाठक ने कराया न्योता भोज



संस्था में पदस्थ प्रधान पाठक धर्मेंद्र पाणिग्रही ने अपने 60 वे जन्मदिन के अवसर पर स्कूली बच्चों ने केक काटकर जन्मदिन मनाया वही प्रधान पाठक ने सभी छात्र-छात्राओं को अपनी ओर से खीर, पुडी और काबुली चना आलू की सब्जी बनवाकर न्योता भोज के माध्यम से भोजन भी करवाया।

स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा अपने प्रधानाध्यापक के जन्मदिन पर उन्होंने जो केक काटा इसके लिए सभी बच्चों ने अपने बचत राशि में से कुछ राशि सभी एकत्र किए और अपने प्रधान पाठक के लिए केक मंगवाया और हर्षोल्लाह के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। बच्चों के प्रति अपने समर्पण भाव को देखकर प्रधान पाठक की भावुक हो गए।

### एसबीआई बस्तर ने किया शिक्षकों का सम्मान

भारतीय स्टेट बैंक शाखा बस्तर के द्वारा ग्राम पंचायत भाटपाल के माध्यमिक शाला भूरसुंडी में पहुंचकर संस्था में पदस्थ सभी शिक्षकों का पुष्पहार से स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह देकर समान्नित किया गया।

इस अवसर पर शाखा प्रबंधक संजीव मीना, फील्ड आफिसर आलोक बर्छिहा, प्रधान पाठक धर्मेंद्र कुमार पाणिग्रही, शिक्षक शैलेंद्र कुमार तिवारी, भूतेश्वर प्रसाद पांडे, राजेश्वरी ध्रुव, लोकेश कुमार रावटे, सतीश श्रीवास्तव, पीलू राम नाग, रसोइया सोमन यादव ,श्रीमती खुजी बाई डाइट के छात्र अध्यापक उपस्थित थे।

## शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित हुए शिक्षक

# शिक्षक अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी लगन से करें : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा






जिला मुख्यालय सुकमा में शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम शबरी आडोटोरियम एजुकेशन सिटी कुम्हाररास सुकमा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला स्तर पर चयनित शिक्षकों को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार 2024 हेतु शिक्षादूत पुरस्कार, हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी सर्टीफिकेट परीक्षा में शत-प्रतिशत परीक्षा परीणाम देने वाले विद्यालय के प्राचार्यो सहित

- सुकमा नियमित रूप से शिक्षा के क्षेत्र में इतिहास गढ़ रहा : कलेक्टर

सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को शॉल-श्रीफल एवं प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने उपस्थित सभी को उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत शपथ दिलाई।

मुख्य अतिथि महेश कश्यप सांसद बस्तर ने सभी शिक्षक को शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी को बधाई एवं शुभकामनांए दी। उन्होंने ने गुरू ही ब्रम्हा है, गुरू ही विष्णु है और गुरू ही भगवान शंकर है। गुरू ही साक्षात परब्रम्ह हैं और कबीर के दोहे से अपनी संबोधन की शुरूआत करते हुए कहा कि ऐसे गुरू को मैं प्रणाम करता हूँ। गुरू और भगवान में सदैव गुरू को प्राथमिकता दी गई है।

उन्होंने बच्चों और देश के भविष्य निर्माण में सभी शिक्षक को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी लगन और निष्ठा से करने कहा। सुकमा जिले के बच्चे शिक्षा प्राप्तकर लोगों की सेवा कर रहे हैं उसमें आप सभी शिक्षकों का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं शिक्षादूतों को सम्मानित करते हुए कहा कि शिक्षक निर्भीक होकर विद्यार्थियों को शिक्षा दें। उनके साथ कठोर परिश्रम करें ताकि वे परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देकर जिले का नाम देश-विदेश में रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के स्तर में सुकमा जिला बेहतर काम कर रहा है। आदिवासी अंचल के बच्चे बेहतर शिक्षा लेकर डॉक्टर्स, इंजीनियर सहित अन्य सेवाओं में चयन होकर लोगों की सेवा कर रहे हैं। यहां के बच्चे शिक्षा के साथ ही खेलकूद में भी यहां के बच्चे जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षारूपी एक दीप पूरे घर को रोशन कर देता है उसी प्रकार आप सभी गुरूजन बच्चों की बेहतर शिक्षा देने की दिशा में कार्य करें।

कलेक्टर हरिस. एस ने कहा कि जिला प्रशासन जिलेवासियों को गुणवत्तापूर्वक शिक्षा प्रदान करने हरसंभव प्रयास कर रही है। जिसका सकारात्मक परिणाम जिले में हो रहा है। सुकमा जिला नियमित रूप से शिक्षा के क्षेत्र में इतिहास गढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यधारा में जुड़ने के लिए शिक्षा एक माध्यम होता है। इसलिए शिक्षकगण बेहतर परिणाम के लिए शिक्षा के क्षेत्र में विश्व में हो रहे नवाचारों को अपनाते हुए अध्यापन कार्य कराएं। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे प्रारंभ में ही विद्यार्थियों की शैक्षणिक क्षमता की पहचान कर उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान करें जिनसे उनके भविष्य अवश्य उज्जवल होगा।

कार्यक्रम में आकार संस्था के बच्चों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुति के पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर धनीराम बारसे, हूंगाराम मरकाम, सोयाम मुक्का, विश्वराज चौहान, श्रीमती बारसे, सुश्री दीपिका सोरी, दिलीप पेद्दी, अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित जिला शिक्षा अधीकारी जीआर मण्डावी सहित शिक्षा विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रधान अध्यापक टी श्रीनिवास एवं श्रीमती टीडी दास द्वारा मंच का संचालन किया गया।

## बच्चों ने गीत, कविता व राधाकृष्णन के जीवनी पर विचार किए व्यक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



शिक्षक व देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिक्षक दिवस का कार्यक्रम एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गीदम में धूमधाम से मनाया गया।

सर्वप्रथम प्राचार्य व अन्य शिक्षकों ने मां सरस्वती व डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। इसके पश्चात बच्चों ने शिक्षकों का तिलक वंदन कर श्रीफल पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया। पश्चात बच्चों ने विभिन्न रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के शिक्षको ने बच्चों को गुरु की महिमा बताई और कहा कि हमे हमेशा अपने गुरुओं का आदर व सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रथम उपराष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने अपने जन्मदिन को शिक्षकों के लिए समर्पित कर दिया जिससे हम प्रतिवर्ष शिक्षक दिवस मनाते हैं यह पर्व विद्यार्थी द्वारा शिक्षकों के प्रति अपने सम्मान व आदर को दर्शाता है।

अपने उद्बोधन मे अन्य शिक्षकों ने कहा कि आचार्य देवो भव अर्थात आचार्य देवता के समान है और हमे अपने गुरुओं के बताए मार्ग में चलना चाहिए। बच्चों ने इस अवसर पर गीत, कविता व राधाकृष्णन के जीवनी पर अपना विचार व्यक्त किया। इस दौरान बच्चों ने अपने शिक्षको के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। बच्चो ने शिक्षको के लिए विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रम एक्टिंग करना, गुब्बारा फोड़ना, कुर्सी दौड़ आदि का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक राजकुमार, हिमांशी तोमर, शिवानी शर्मा, दीपशिखा मिश्रा, वंदना, प्रतीक भारद्वाज, प्रियांशु शर्मा, सुखदेव, महेश कुमार, कन्हैया लाल, पप्पू सरकार, पंकज सिंह, अंजली, अब्दुसमद, श्वेता मौर्य, सस्मिता, योगेश कुमार, मनीष कुमार, विकास सहित अन्य सभी कर्मचारीगण के साथ साथ सभी बच्चे उपस्थित रहे।

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में भी शिक्षक दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय के भैया बहनों ने अपने विचार व्यक्त किए और गुरुओं का सम्मान किया। मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय समिति के व्यवस्थापक दयाशंकर गुप्ता उपस्थित रहे। अतिथियों ने गणेश जी, मां भारती एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छाया चित्र पर माल्यार्पण पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता है हम सब को उनका सम्मान करते हुए उनके कहे अनुसार चलना चाहिए।

इस विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहता है तथा विद्यालय के भैया बहन संस्कारवान व अनुशासन प्रिय है यह सब विद्यालय के आचार्य दीदीयों के मेहनत का ही परिणाम है। समाज के हर वर्ग के लोगों को शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। आज की परिस्थिति में हमें सदैव अपने गुरु की शिक्षा दीक्षा को मानकर एक आदर्श समाज की स्थापना करना है।

इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार दुबे व अन्य सभी शिक्षकगण के साथ साथ भैया बहन उपस्थित रहे।

## स्वच्छ भारत मिशन के कर्मचारियों ने दिया सामूहिक त्याग पत्र

**बस्तर।** केंद्र सरकार की अत्यंत महत्वकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन मे 14 वर्षो से लगातार कार्य कर रहे संविदा कर्मचारियों ने 14 वर्षो मे एक बार भी मानदेय मे वृद्धि नही होने के कारण सरकार से रुष्ट होकर सामूहिक त्याग पत्र दे दिया है। विदित हो कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टुबर 2014 को स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की। जिसके सफल संचालन के लिए जिला स्तर एवं जनपद स्तर पर कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी। कर्मचारियों के मेहनत से पूरे छत्तीसगढ़ को वर्ष 2017 मे ही ओडीएफ घोषित भी कर लिया गया। परंतु उनकी मेहनत को नौकर शाही और सरकार ने नजरअंदाज किया। सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओ जैसे एन आर एल एम, प्रधान मंत्री आवास योजना, मनरेगा इत्यादि की तुलना मे स्वच्छ भारत मिशन के कर्मचारियों की सैलरी अत्यंत कम है। इस योजना के कर्मचारियों ने बताया की हम लोगो को कार्य करने हेतु अत्यंत दुरस्त पंचायतों तक जाना पड़ता है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
ग्राम-कोकानपुर, तहसील कांकेर

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक निर्भय राम यदु पिता श्री भरत राम यदु जाति ठेठवार, निवासी ग्राम कोकानपुर, तहसील कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) द्वारा ग्राम कोकानपुर, तहसील कांकेर स्थित उनके भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 269/2 रकबा 0.07 हे. में से 0.04 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन हेतु आवेदन पेश किया गया है, जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 20.09.2024 को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर
जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भानुप्रतापपुर जिला - उ. ब. कांकेर (छ.ग.)**
Fax no. 07850252353
Email- sdmbhanupratappur 1991@gmail.com
रा.प्र.क्र./202408140500029/अ-2/2023-24 ग्राम- रानवाही, तहसील भानुप्रतापपुर, जिला उ.ब.कांकेर

**// उदघोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक/ आवेदिका श्री ढालसिंह पिता रामसिंह निवासी ग्राम रानवाही तहसील भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा ग्राम रानवाही, तहसील भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर स्थित भूमि खसरा नंबर 93/3 रकबा 0.0200 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तित करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का दावा/ आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 11/09/2024 तक दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

उक्त तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

स्थानः- भानुप्रतापपुर ।
दिनांकः- 28/08/2024

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भानुप्रतापुर जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# करूभात की जरूरत ने बाजार में बढ़ाया भाव, करेला बिका 200 रुपए प्रति किलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

तीज व्रत रखनें वाली महिलाएं व्रत शुरू करने से पहले करूभात खाती है। लाखों की तादाद में उपासक महिलाओं की जरूरत ने बुधवार व गुरूवार को करेला के भाव को आसमान पर पहुँचा दिया। शहर के बुधवारी बाजार और डेली मार्केट में करेले की पूछपरख बढ़ने के कारण दुकानदारों से इसे 200 रूपएं से अधिक प्रति किलो की दर बेचा। दुकानदारों का मालूम है कि कीमत नियंत्रण के लिए कोई विभाग सक्रिय नहीं है, जिसके कारण दुकानदार मनमानी दाम से करेला को बेचते हुए नजर आएं।

तीज के लिए खरीदी के कारण प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी बाजार में तीन से चार दिनों से रौनक देखने को मिली। तीज मनाने के लिए बेटियों और बहनों को मायके बुलाने का दौर भी सप्ताहभर पहले से शुरू हो चुका है। गुरूवार को देर शाम करूभात खाने के बाद तिजहारिनों का जहां व्रत शुरू हुआ, वहीं इसके लिए पहले गुरूवार को दोपहर तक डेली मार्केट में करेला खरीदने के लिए लोगों की आवाजाही रही।

लोगों की जरूरत को देखते हुए फुटकर सब्जी बेचने वालों ने इसकी खेप भी पर्याप्त मंगाकर रखा था। पाँच दिन पहले 50 किलो में बिकने वाला करेला के दाम अचानक 200 रूपएं से अधिक प्रति किलों के दाम पर बिका। करेला बेचने वाले दुकानदारों ने समय का फायदा उठाकर चार गुना अधिक दाम पर करेला बेचते हुए नजर आएं।

## करेला खाने से निर्जला व्रत पर प्यास कम लगती है

### दाम पर लगाएं अंकुश

जिले में दाम नियंत्रण करने के लिए एक भी अधिकारी सक्रिय नहीं होने के कारण दुकानदार त्यौहार के मौके पर जरूरत की चीजों के अचानक दाम बढ़ा देते है, जिससे आम आदमी शोषण का शिकार होता है। शहरवासियों का कहना है कि दाम नियंत्रण के लिए एक टीम होना चाहिए, जो इस पर निगरानी रखें और बेवजह अधिक दाम पर सामान बेचने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करते हुए जुर्माना लगाना चाहिए, तभी आम आदमी शोषण के शिकार से बच सकेगा।



### गुरुवार रात को खाया कुरूभात

तीज व्रत की शुरूआत गुरूवार को करूभात खाकर शाम को शुरू किया। तीजा उपवास के एक दिन पहले महिलाएं भात के साथ करेले की सब्जी खाती है, जिसे करूभात कहा जाता है। जानकारों की मानें तो यह व्यवस्था इसलिए बनाई गई है कि क्योंकि करूभात खाने से निर्जला व्रत करने वाले सुहागिनों को प्यास कम लगती है।

## खबर संक्षेप



### शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया

**कांकेर।** शासकीय हाई स्कूल मांझापारा में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने प्राचार्य के साथ अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का रोल अदा कर प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम उर्वशी पटेल, द्वितीय शेख अरमान और तीसरे स्थान पर जैनुल रहा। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य पीके बिश्वास,गोपाल जैन, धीरज रजक, एसके कलिहारी, तुफैल अहमद रिजवी, रामभजन नेताम, बबीता ठाकुर, कृष्णा नाग, लीना ओटी, रश्मि चतुर्वेदी, वंदना झा,नागेश ओटी, अविनाश मरकाम, गोदावरी जायसवाल उपस्थित रहे।

### बीरनपुर में किसान ने कतार विधि से की रोपाई



**कांकेर।** विकासखंड नरहरपुर के ग्राम बीरनपुर में एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनांतर्गत रागी वीएल मंडुआ 376 का 4 सितंबर को कतार विधि से रोपाई कार्य किया गया। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी दिनेश कुमार कुंजाम द्वारा राइजोबियम से जड़ उपचार की विधि जीवंत करके बताया गया एवं कतार से कतार 15 सेंटीमीटर दूरी रखी गई। इस अवसर पर संगीता राय डीपीडी आत्मा, रोशन निषाद बीटीएम नरहरपुर, विनोद चतुर्वेदी एटीएम, उमेंद्र सिंह नेताम ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी बिरनपुर, कृषक मित्र बीरबल मरकाम उपस्थित रहे।

### शासकीय हाई स्कूल झिटकाटोला में पौधारोपण किया गया



**कांकेर।** दुर्गुकोंदल शासकीय हाई स्कूल झिटकाटोला के नव नियुक्त शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष लच्छू राम ध्रुव के निर्देशन में 5 सितंबर को बैठक आयोजित की गई, इस पल को यादगार बनाने के लिए अमृत सरोवर के मेड़ में वृक्षा रोपण उनके कर कमलो के द्वारा किया गया। जिसमें शिक्षक छात्र एवं ग्राम के प्रमुख उपस्थित रहें।

### सट्टापट्टी जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**भानुप्रतापपुर।** मुखबिर की सूचना पर सुभाषपारा वार्ड नं. 10 भानुप्रतापपुर में विभिन्न अंको में रूपये पैसों का दांव लगवाकर सट्टा पट्टी लिखकर अधिक रकम मिलने का लालच देकर जुआ खेलवा रहा है युवक चेतन शर्मा पिता रमेश शर्मा उम्र 38 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। कब्जे से 11 नग कागज की पर्ची में अंकों में लिखा सट्टा पर्ची एवं नगदी रकम 3700 रूपये एवं एक नग डाट पेन कब्जे में मिला जिसे जप्त किया गया।

## दिवस : पीएमश्री नरहरदेव विद्यालय में शिक्षक दिवस पर किया समारोह

# शिक्षक किताबी ज्ञान के साथ जीवन जीने की नई राह दिखाते हैं : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह का 5 सितंबर को पीएमश्री शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर में हुआ, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए जिले के 38 शिक्षकों सहित सेवानिवृत्त शिक्षकों का शॉल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



समारोह के मुख्य अतिथि कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का स्मरण कर शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते कहा कि शिक्षक न केवल किताबी ज्ञान देते हैं, बल्कि जीवन जीने के लिए नई राह भी दिखाते हैं। वे अनुशासन के साथ अच्छे संस्कार देते हैं और सभी को समान रूप से शिक्षा एवं मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। गुरुजनों के मार्गदर्शन के बिना जीवन अंधकारमय होता है। उन्होंने सभी गुरुजनों को प्रणाम करते हुए शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज उन गुरुजनों को याद करने का दिन है, जो हमें शिक्षा देकर एक अच्छा नागरिक बनाते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन के बाद भी हमें हमेशा सीखते रहना चाहिए। जिला प्रशासन द्वारा जिले में शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। हमर लक्ष्य के माध्यम से विद्यार्थियों को जेईई और नीट जैसे परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है। शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही बोर्ड परीक्षाओं में जिले के विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। आशा व्यक्त करते हुए कहा कि वे आगे भी ऐसे ही प्रदर्शन करते रहेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला, मत्स्य कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भरत मटियारा ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में अपने विचार रखे। मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण समारोह में उत्कृष्ट प्रधान पाठक के रूप में प्राथमिक स्तर पर अंतागढ़ विकासखण्ड के योगिता महावीर, प्रधान अध्यापक प्राशा कुरचे, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड से सारिका देहारी, प्रधानाध्यापक जनपद प्राशा संबलपुर, चारामा विकासखण्ड से चैतुराम जुर्री, प्रधान अध्यापक प्राशा गितपहर, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड से उत्तम चंद्र वारे, प्रधान अध्यापक प्राशा सनतराई, कांकेर विकासखण्ड से सुनील कुमार ध्रुव, प्रधान अध्यापक प्राशा भीरावाही, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड से जयंत दास, प्रधान अध्यापक प्राशा पीव्ही 72 एवं नरहरपुर विकासखण्ड से यात्री पुजारी, प्रधान अध्यापक प्राशा भेलवापारा चनार को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार माध्यमिक स्तर पर अंतागढ़ विकासखण्ड के पूरन लाल नागेश्वर, प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माशा कढ़ाईखोदरा, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड से श्याम सुंदर नेताम, प्रधान पाठक, शापूमाशा ईरागांव, चारामा विकासखण्ड से बालमुकुंद रावटे, प्रधान पाठक शापूमाशा दरगहन, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड से माखन प्रजापति, प्रधान पाठक शापूमाशा नेलचांग, कांकेर विकासखण्ड से दुर्गा नेताम, प्रधान पाठक, शापूमाशा नंदनमारा, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड से पुनऊ राम सामरथ, प्रधान पाठक शापूमाशा घोड़ागांव एवं नरहरपुर विकासखण्ड से महेन्द्र कुमार शोरी, प्रधान पाठक शापूमाशा सिंगारवाही को सम्मानित किया गया।

साथ ही ज्ञानदीप पुरस्कार से चारामा विकासखण्ड के बोधनलाल साहू, नरहरपुर विकासखण्ड से जागेश्वरी साहू और अंतागढ़ विकाखण्ड के खिलावन साहू सम्मानित हुए। इसके साथ ही 21 शिक्षकों को शिक्षा दूत पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह में इसके अलावा 131 सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत कांकेर अध्यक्ष रामचरण कोर्राम, ईश्वर कावड़े, जयंत अटभैया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए शिक्षकगण उपस्थित रहें।

## आमाकड़ा में पानी सप्लाई करने बनी टंकी, आज तक पानी की शुरू नहीं हो पाई सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के आमाकड़ा गांव में जल जीवन मिशन के काम को शुरू हुए कई साल हो गए, लेकिन अभी तक काम पूरा नहीं हो पाया है। गांव में टंकी बनकर तैयार है और बोर भी खनन हो चुका है, लेकिन फिर भी गांव में जल सप्लाई शुरू नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार आमाकड़ा गांव में 250 घर है, इन घरों के लिए पाईप लाईन बिछाकर पानी की सप्लाई किया जाना है, परंतु ठेकेदार की लापरवाही से काम अटका हुआ है और ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि टंकी का निर्माण काम पूरा हुआ है और बोर का खनन काम भी पूरा हो चुका है, लेकिन इसके बाद भी गांव में जल सप्लाई काम पूरा नहीं हो पा रहा है, क्योंकि गांव मैं पाइप लाइन बिछाने के साथ कुछ घरों में स्टैंड पोस्ट नहीं लग पाया है। इससे गांव में जल सप्लाई शुरू नहीं हो पाया है। ग्रामीण रामगोपाल नेताम, नंदकिशोर, जगदीश नेताम, जितेंद्र नेताम की मांग है कि गांव में जल्दी पानी की सप्लाई शुरू किया जाए। पंचायत के साथ पीएचई विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को को ध्यान देना चाहिए। निर्धारित समय पर ठेकेदार को काम पूरा करना चाहिए, परंतु समय पर काम पूरा नहीं किया है, इसलिए ठेकेदार पर पैनल्टी लगाने की जरूरत है। ठेकेदार की लापरवाही के कारण की गाँव के लोग पानी के लिए परेशान हो रहे है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मीडिया के माध्यम से माँग किया है कि आमाकड़ा गाँव में जल जीवन मिशन के तहत घरों में मिलने वाले पानी की व्यवस्था जल्द करवाया जाए, जिससे ग्रामीणों को पानी से राहत मिल सके।



### शराबखोरी करते दो युवक को पुलिस ने पकड़ा

**कांकेर।** पखांजूर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि कुछ व्यक्ति अंग्रजी शराब दुकान पखांजूर से पीव्ही 5 जाने वाली रोड के पास सार्वजनिक स्थान पर बैठकर शराब सेवन कर रहे है। जानकारी कि तस्दीक कर पुलिस मौके पर पहुँची और शराब पी रहे बड़गांव निवासी 20 वर्षीय पवन जैन पिता शिव कुमार जैन व मटोली निवासी 24 राजेश दास पिता विद्या दास को पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुए पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 36 (च), (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत महिला साक्षरता पर की गई विचार गोष्ठी

**भानुप्रतापपुर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कांकेर के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन कांकेर ,जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव ,अनुविभागीय अधिकारी (रा) भानुप्रतापपुर,जिला नोडल कांकेर एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी भानुप्रतापपुर के मार्गदर्शन में आज देशव्यापी साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत आज भानुप्रतापपुर विकासखण्ड में उल्लास महिला साक्षरता पर केंद्रित कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न स्कूलों में किया गया। भानुप्रतापपुर के सेलेगांव,मुगवाल, हाटकर्रा,तरांदुल स्कूल में महिला केंद्रित कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में समाज में सभी के लिए शिक्षा के उद्देश्य की प्राप्ति हेतु उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलेगाँव में महिला साक्षरता पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्याता श्रीमती सुमन ठाकुर द्वारा छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा हमें जीवन जीने की कला सिखाता है।



हम देश की महिलाओं की उचित शिक्षा के बिना विकसित राष्ट्र की आशा नहीं कर सकते। महिलाएँ परिवार, समाज और देश की प्रगति में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती अर्चना ठाकुर द्वारा शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर अपने विचार प्रकट किए। आज के आयोजन में आंगनगाड़ी कार्यकर्त्ता,मितानीन,महिला शिक्षक, महिला स्वयं सेवी शिक्षक एवं महिला नवसाक्षरों ने बढ चढ कर भाग लिया। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की सफलता में महिलाओं की सहभागिता पर जोर दिया गया। आयोजन में खण्ड शिक्षा अधिकारी सदे सिंह कोमरे, स्त्रोत व्यक्ति एवं प्राचार्य टिकेश्वर सिंह ठाकुर ,एबीईओ दुर्गेश सोरी, बीआरसी राधेलाल नुरेटी ,साक्षरता प्रभारी अशोक ठाकुर, स्त्रोत व्यक्ति नुमेश सोनी,श्रीमती भावना ठाकुर,श्रीमती उपासना मंढरिया, आनंद बनकर , प्राचार्य जी आर नायक,श्रीमती सुमन ठाकुर, श्रीमती प्रमिला कोरेटी, पीयुषा बंजारे, गायत्री भुआर्य, भुनेश्वरी साहू एवं समस्त छात्रछात्राओं के साथ साथ ग्राम पंचायत प्रभारी , सर्वे प्रभारी एवं संकुल सेक्टर अधिकारी का सहयोग रहा।



## बौद्ध महार समाज ने मनाया मारबत पर्व, पर्व की बताई हकीकत

**उमरादाह।** विकासखंड चारामा के शाहवाड़ा में बौद्ध महार समाज द्वारा मारबत पर्व मनाया और जो मान्यता है, उसे पूरा किया गया। समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र रंगारे ने बताया कि मारबत त्योहार कि मान्यता है कि मारबत बुराई का प्रतीक है और इस त्योहार को मानने के लिए एक पुतला बनाया जाता है और पुतले को पूरे गांव में जुलूस के साथ घुमाया जाता है। आड़ा पीड़ा रोग राई ढेकूल मुनस्या घेउन जाए गै मारबत ऐसा बोलकर पूरे गांव में घुमाया जाता है और गांव से बाहर ले जाके जलाया जाता है। ऐसा मान्यता है कि ऐसा करने से कोई भी महामारी बीमारी या विपत्ति गांव में नहीं आती है। इस अवसर पर सुरेंद्र रंगारे, सुनील गनवीरे, अनिल रामटेके, अनूप गनवीरे, द्वारका, श्रवण, महेश, विवेक, निशांत, भूपेश, महेंद्र, करण, उग्रसेन, परदेशी, कार्तिक, निरंजन, अनिल, राकेश, रिंकू, मनीष, धनंजय, युवराज, प्रदीप, चंद्रप्रकाश, जय आदि समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

## गांजा के ठिकाने पर पुलिस की दबिश आधा किलो से ज्यादा गांजा जब्त

**कांकेर।** आमापारा में गांजा लेने वालों को जूता पहनाने वाली हुई घटना के बाद कांकेर पुलिस अब गांजा की कोचियागिरी करने वालो पर नजर टेढ़ी कर दिया है और गांजा की कोचियागिरी करने वालों को ढूढ़ने में लगी है। दस दिन में यह दूसरा कोचिया पुलिस के हत्थे चढ़ा है। पुलिस ने कोचिया के कब्जे से आधा किलो गांजा जप्त किया है। कांकेर पुलिस लगातार गांजा व सूखे नशा की सप्लाई करने वालों की जानकारी मिलने पर दबिश दे रहे है, परंतु अभी तक पुलिस के हाथ बड़ा जखीरा हाथ नहीं लगा है। भोपालपट्टनम से आने वाली दवाईयों की खबर पुलिस को मिली नहीं या इनका कोई नेटवर्क नहीं मिल पा रहा है या दवाई बेचने वाले माहौल को देखकर सतर्क होकर भूमिगत होकर सप्लाई कर रहे है। मुखबिर की सूचना पर कांकेर पुलिस किसान राईस मिल के पीछे कोचिया के अड्डे की खबर मिलते ही घेराबंदी करते हुए 4 सितंबर की रात लगभग 9 बजे के आसपास छापा मारा और कोचिया यानी गांजा की पुड़िया बनाकर बेचने वाले झुनियापारा निवासी 20 वर्षीय लक्ष्मीकांत भंडारी पिता स्व. युवराज सिंह को



पुलिस ने 4 सितंबर को 10 बजे गांजाके साथ गिरफ्तार किया। गांजा की सप्लाई करने वाले कोचिया के पास से 666 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। पुलिस यह तलाश कर रही है कि इसे गांजा किसने सप्लाई किया था, उस नेटवर्क का पुलिस तलाश करती है तो बड़ा नेटवर्क का खुलासा हो सकता है। पुलिस ने अपने सही नेटवर्क का उपयोग किया तो आरोपी के नेटवर्क को ध्वस्त कर सकती है, अन्यथा जेल से आने के बाद इसका खेल फिर से शुरू हो जाएगा। कांकेर पुलिस ने मौके पर ही आरोपी के खिलाफ धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### निगम की सामान्य सभा 13 को

**जगदलपुर।** नगर पालिक निगम की 1956 की धारा 29 के अनुसार साधारण सम्मिलन बैठक 13 सितंबर को 11 बजे पूर्वान्ह निगम कार्यालय के सभाकक्ष में आहुत की जाएगी।

### धनेलीकन्हार मंडल में हुई कार्यशाला



**धनेलीकन्हार।** भाजपा मंडल धनेलीकान्हार में 5 सितंबर को भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला हुई, जिसमें सदस्यता अभियान के मंडल प्रभारी राजा देवनानी, मंडल अध्यक्ष पंचू नायक, संयोजक तिलक0 महामंत्री लोकेश्वर सेन ने बताया कि एक बूथ से कम से कम 200 लोगों को भाजपा का सदस्य बनाना है। इस अवसर पर डाकेश साहू, कृष्णा साहू, हेमलाल गाड़िया, मधुसूदन साहू, दीनु पटेल, गुलाब साहू, चूमेश पटेल, मनोज सिन्हा, लालदास साहू, देवचरण साहू सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

# पोषण अभियान में बच्चों का किया वजन व खुराक की पालकों को दी गई हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

■ हाटकर्रा के हेतारकसा में पोषण माह अभियान जारी

भारत शासन के आदेश अनुसार 1 सितंबर से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है ।अभियान का मुख्य उद्देश्य एनीमिया कुपोषण में कमी लाना है। लोगों के व्यवहार में परिवर्तन लाना है ।

सुश्री रानू मैथ्यूस डिप्टी कलेक्टर प्रभारी अधिकारी जिला महिला एवम बाल विकास विभाग के नेतृत्व में परियोजना अधिकारी ममता सुखदेवे के मार्गदर्शन एवं सेक्टर पर्यवेक्षक के सहयोग से गुरुवार को सेक्टर हाटकर्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत हेटारकसा में राष्ट्रीय पोषण माह एवं सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्री झाड़ राम मंडावी जनपद सदस्य एवं विशिष्ट अतिथि श्री सुनहेर गजेंद्र उप सरपंच एवं सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती अनुसूईया साहू डॉक्टर देव कुमार साहू एवं डॉक्टर मेदनी अवस्थी आयुस विभाग उपस्थित रहे।





कार्यक्रम की शुरुआत में सेक्टर पर्यवेक्षक द्वारा संचालित 1 सितंबर 30तक कैलेंडर अनुसार आयोजित किए जाने वाले गतिविधियों के बारे में बताया गया साथ हि 12 से 23 सितंबर तक कलस्टर वार 0 से 6 वर्ष के सभी बच्चों का वजन लेकर पालकों को उनके बच्चों का पोषण स्तर से अवगत कराना एवं खान-पान पर विशेष ध्यान देने तथा व्यवहार में परिवर्तन लाने हेतु प्रयास करना आदि मुख्य उद्देश्य के बारे में बताया गया एवं वजन लिए बच्चों की डाटा प्रतिदिन की गई गतिविधियों की डाटा ऑनलाइन एंट्री किया जाना बताया। ताकि कुपोषण एवं एनीमिया के रोकथाम हेतु शासन द्वारा नई कार्य योजना बनाकर नई योजना संचालित कर। जनपद सदस्य श्री झाड़ राम मांडवी द्वारा विभाग से मिल रहे सभी योजनाओं का सत प्रतिशत लाभ लेने हेतु समुदाय को प्रेरित किया गया एवं स्थानीय साग सब्जियों का उपयोग करने हेतु बताया गया आयु विभाग द्वारा उपस्थित डॉक्टर देव कुमार साहू एवं डॉक्टर मेदनीअवस्थी द्वारा समय पर टीकाकरण स्वास्थ्य जांच किशोरी बालिकाओं का विशेष देखभाल आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया एवं दवाई वितरण किया गया पूरे कार्यक्रम में मितानिन समूह की महिलाएं केशरी साहू इंदिरा साहू, बसंत पुजारी ,साधना , सरस्वती गजेंद्र, जानकी टांडिया ,गोमती ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से
10 नवम्बर से 16 नवम्बर 2024, 07 जून से 13 जून 2025
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.... सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411